<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–10.10.2024 (सुबह 08:30 बजे)</u>

<u>मुख्य समाचार</u>

1. दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का 86 वर्ष की आयु में निधन, राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और झारखंड के मुख्यमंत्री समेत उद्योग जगत की हस्तियों ने जताया दुःख।
2. झारखंड विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और झामुमो के बीच सीटों की बंटवारे को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।
3. राज्य सरकार ने गलत जाति प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी पाने वाले पलामू के जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग को सेवा से किया बर्खास्त।
4. राज्यभर में दुर्गा पूजा को लेकर भारी उत्साह, आज महाअष्टमी के अवसर पर देवी दुर्गा के आठवें स्वरूप– महागौरी की हो रही आराधना।
5. मौसम विभाग ने आज और कल राज्यभर में गरज और वज्रपात के साथ छिटपुट बरिश की जतायी संभावना।

*****************

दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा का देर रात 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुंबई के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। भारत के सबसे सम्मानित व्यापारिक दिग्गजों में से एक रतन टाटा ने दो दशकों से अधिक समय तक टाटा संस के अध्यक्ष के रूप में काम किया। उन्हें वर्ष 2000 में पद्म भूषण और 2008 में पद्म विभूषण सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था।

रतन टाटा के निधन पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राष्ट्रपति ने कहा कि रतन टाटा के जाने से भारत ने राष्ट्र निर्माण और उत्कृष्टता को जोडने वाले कॉरपोरेट विकास की एक महान हस्ती को खो दिया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि रतन टाटा का योगदान भारत और उसके बाहर उद्यमियों को हमेशा प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि रतन टाटा के निधन से उन्हें गहरा दुख पहुंचा है। रतन टाटा को कुछ बड़ा करने और समाज के प्रति गहरी रूचि थी।

वहीं झारखंड के राज्यपाल ने कहा कि उद्योगपति और समाजसेवी रतन टाटा ने उद्योग, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में निःस्वार्थ योगदान से देश को नयी उंचाईयां प्रदान की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि रतन टाटा देश के अनमोल रत्न थे। उन्होंने उद्योग जगत के साथ–साथ समाजसेवा एवं परोपकार के क्षेत्र में देश और दुनिया में अपनी अमिट छाप छोड़ी है, जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रतन टाटा के असामयिक निधन पर एक दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है।

*****************

झारखंड विधानसभा चुनाव के सिलसिले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने नयी दिल्ली में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। इस दौरान तीनों नेताओं ने कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट बंटवारे को लेकर बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक दोनों पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व के बीच यह मुलाकात काफी अहम मानी जा रही है। बता दें कि इस साल के अंत में झारखंड विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव में दोनों पार्टियां गठबंधन के तहत मैदान में उतरेंगी।

*****************

झामुमो ने भाजपा की गो–गो दीदी योजना के खिलाफ आपत्ति जतायी है। झामुमो नेता विनोद पांडेय ने निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार से मिलकर भाजपा की गो–गो दीदी योजना के खिलाफ शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। पार्टी नेता श्री पांडेय ने कहा कि चुनाव आयोग,

भाजपा पर कार्रवाई करे या राज्य सरकार को झामुमो सम्मान योजना का फॉर्म भरवाने की अनुमति दे।

*****************

राज्य सरकार ने पलामू के जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी कानू राम नाग को गलत जाति प्रमाण पत्र देने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया है। जानकारी के अनुसार नाग ने सेकेंड जेपीएससी में मुंडा जाति का प्रमाण पत्र देकर नौकरी हासिल की थी, जबकि वे तमाड़िया जाति से हैं। तमाड़िया अत्यंत पिछड़ा वर्ग की श्रेणी में आता है। सरकार ने इसकी समीक्षा की, जिसके बाद उन्हें फर्जी तरीके से नौकरी पाने के आरोप में सेवा से बर्खास्त कर दिया गया।

*****************

लोहरदगा जिला में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा विधान से समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

*****************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में दुर्गा पूजा को लेकर लोगों में उत्साह है। आज महाअष्टमी पूजा है। इस अवसर पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप– महागौरी की आराधना भक्ति भाव से की जा रही है।

*****************

पलामू जिले के महुआडांड प्रखंड के ओरसापाठ मे मूसलाधार बारिश के साथ हुए वज्रपात से चार लोगों की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बारिश से बचने के लिए बगान में काम कर रहे लोग पास की एक पुलिया में चले गए। इस दौरान वज्रपात की चपेट में आ गये और सभी घायल हो गये। सभी घायलों को सीएचसी महुआडांड़ ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने चार लोगों को मृत घोषित कर दिया। जबकि दो स्थिति गंभीर बनी हुई है।

*****************

मौसम विभाग ने राज्यभर में आज और कल हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान गरज के साथ वज्रपात होने की प्रबल संभावना है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने पूजा के दौरान घर से बाहर निकलने पर सतर्क रहने की सलाह दी है।

मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमान रिपोर्ट के अनुसार 12 अक्टूबर से मौसम साफ होने की उम्मीद है।

*****************

राजधानी रांची स्थित खेल गांव के मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित झारखंड राज्यस्तरीय योग चैंपियनशिप में पलामू की प्रीति कुमारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंडर–19 बालिका वर्ग में गोल्ड मेडल जीता है। प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों से आयी बालिकाओं ने भी अपनी योग कला का प्रदर्शन किया। प्रीति का चयन अंतर्राज्यीय प्रतियोगिता के लिए भी हुआ है, जहां वो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

*****************

और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित लगभग सभी अखबारों ने रतन टाटा के निधन की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

दैनिक भास्कर लिखता है– भारत रतन अलविदा।

प्रभात खबर की सुर्खी है– इंडिया गठबंधन मजबूती से लड़ेगा झारखंड का चुनाव।

हिंदुस्तान ने चतरा में मुठभेड़ में दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर को पहले पेज पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने 100 करोड़ से अधिक की फर्जी निकासी मामले में चार लोगों के हिरासत में लिये जाने की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

अंग्रेजी अखबार हिंदुस्तान टाइम्स ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पीएम मोदी से मुलाकात की खबर को पहली सुर्खी बनायी है। वहीं द टाइम्स ऑफ इंडिया ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

*************